केन्द्रीय सूचना आयोग
बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका
नई दिल्ली - 110067.
******

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2019/274 दिनांक: 25.11.2019
संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2019/00182
CICOM/R/2019/00644

अपीलकर्ता : **श्री शम्भू प्रसाद प्रजापति,**
**ई-18, जय विहार फेस - 1,**
**नजफगढ़, नई दिल्ली- 110043.**

निर्णय की तारीख : 25.11.2019

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 27.08.2019 |
| आर.टी.आई. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि | 20.09.2019 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री आर. पी. ग्रोवर |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 14.10.2019 |
| प्रथम अपील की डायरी सं. | 18164/15.10.2019 |

1. अपीलकर्ता द्वारा दिनांक 27.08.2019 के आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से छ: बिंदुओं पर सूचनाएं मांगी गई थी कि अपीलों/शिकायतों/द्वितीय अपीलों की सुनवाई कब की जाएगी, जिसके प्रतिउत्तर में श्री आर. पी. ग्रोवर, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना के विरुद्ध प्रथम अपील दाखिल की गई है ।

2. संबंधित संचिका (प्रथम अपील आवेदन, आर.टी.आई. आवेदन एवं प्रदान की गई सूचना) का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलकर्ता के दिनांक 27.08.2019 के उक्त आर.टी.आई. आवेदन के संदर्भ में आयोग के केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी **श्री आर. पी. ग्रोवर द्वारा दिनांक 20.09.2019 को प्रेषित की गई सूचना सूचना सपष्ट एवं बिल्कुल तथ्यानुसार है तथा इसमें प्रथम अपीलीय अधिकारी के हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं है ।** साथ ही अपीलकर्ता को अवगत करवाया जाता है कि केन्द्रीय सूचना आयोग में प्राप्त द्वितीय अपीलों/शिकायतों की सुनवाई संबंधित सूचना आयुक्त द्वारा "पहले आओ पहले पाओ" के आधार पर की जाती है अर्थात जो अपीलें/शिकायतें पहले प्राप्त हुई हैं उनकी सुनवाई पहले की जाएगी । अत: अपनी बारी की प्रतीक्षा करें ।

3. तद्नुसार प्रथम अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश/निर्णय से संतुष्ट न हों तो अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली - 110067 में की जा सकती है ।

शान्ति प्रिय बेक
(शान्ति प्रिय बेक)
**अपर सचिव एवं**
**प्रथम अपीलीय अधिकारी**
**दूरभाष - 011-26162290**

प्रतिलिपि :

1. केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।
2. श्री आर. पी. ग्रोवर, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।

25/11/19 25/11/2019

C. I. C./के. सू. आ.
RECEIVED
25 NOV 2019
D. No.....
Initials.....